भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1737

गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना का प्रभाव

1737 डा. के. लक्ष्मण:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 5,287.90 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ 76 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं जिनमें से 75 पूरी हो चुकी हैं, स्वदेश दर्शन योजना का पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और रोजगार पर समग्र रूप से क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ख) संशोधित स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना शुरू की और देश में चिह्नित विषयगत परिपथों के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रुपये की लागत वाली 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी। स्वदेश दर्शन योजना का देश में पर्यटन विकास के कई पहलुओं पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जिसमें पर्यटन विकास, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देना, अवसंरचना का निर्माण, रोजगार सृजन और पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है। इस योजना ने पर्यटकों के लिए बेहतर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के सृजन में योगदान दिया है, जिससे हस्तशिल्प विक्रेताओं, स्थानीय रेस्तरां और परिवहन सेवाओं आदि सहित पर्यटन से संबंधित व्यवसायों को बढ़ावा मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने से पर्यटन संबंधी स्थानीय व्यवसाय को लाभ हुआ है, जिससे इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है।

मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है और 791.25 करोड़ रुपये की लागत वाली 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

****